# रणवीर की साइलेंट परफॉर्मेंस ने किया प्रभावित...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर' दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। फिल्म में रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना जैसे दिग्गज कलाकारों की परफॉर्मेंस को सराहा जा रहा है। अब फिल्म में



रहमान डकैत की पत्नी का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सौम्या टंडन ने रणवीर सिंह की जमकर तारीफ की है। एक इंटरव्यू में सौम्या ने कहा कि जहां हर कोई अक्षय खन्ना की बात कर रहा है, वहीं रणवीर की साइलेंट परफॉर्मेंस ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने रणवीर को एक 'मैच्योर एक्टर' बताया। टीवी शो 'भाभी जी घर पर हैं' से मशहूर हुईं सौम्या टंडन ने 'धुरंधर' में अक्षय खन्ना के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'मैं एक और बात कहना चाहती हूं। हर कोई अक्षय के बारे में बात कर रहा है, लेकिन मुझे बताना है कि मुझे उस फिल्म में रणवीर बहुत पसंद आए। आप जानते हैं, साइलेंट पार्ट्स? एक सुपरस्टार होने के नाते, एक हीरो होने के नाते। वह पीछे खड़े होकर अक्षय को स्टेज दे रहे हैं, वो सारे न्यूएंस करने के लिए। वह बहुत सूक्ष्म तरीके से एक एक्टर के रूप में पीछे खड़े हैं और साइलेंट रहते हैं।

# ऐतिहासिक जगहों पर हुई राजा शिवाजी की शूटिंग

**मुंबई।** मराठी सिनेमा के इतिहास में अब तक की सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी फिल्मों में गिनी जा रही 'राजा शिवाजी' की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई है। करीब एक साल तक चले लंबे और मुश्किल शूटिंग शेड्यूल के बाद फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन के चरण में प्रवेश कर चुकी है। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट का निर्देशन खुद रितेश देशमुख ने किया है, जो फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका भी निभा रहे हैं। फिल्म 1 मई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। शूटिंग खत्म होने की जानकारी रितेश देशमुख ने सोशल मीडिया के जरिए दी। उन्होंने एक तस्वीर साझा करते हुए एक भावुक संदेश लिखा, जिसमें उन्होंने इस सफर के अंत और एक नए अध्याय की शुरुआत को बेहद खूबसूरती से बयान किया। राजा शिवाजी को सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मराठी सिनेमा का एक ऐतिहासिक सपना कहा जा रहा है। फिल्म की शूटिंग महाराष्ट्र के कई ऐतिहासिक और प्राकृतिक रूप से खूबसूरत स्थानों पर की गई है, जिनमें वाई, महाबलेश्वर, सतारा, मुंबई और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। प्रामाणिकता




बनाए रखने के लिए कई विशाल सेट तैयार किए गए, जो छह महीने से अधिक समय तक खड़े रहे। फिल्म में ऐसे एक्शन सीक्वेंस और विजुअल इफेक्ट्स देखने को मिलेंगे, जो इससे पहले मराठी फिल्मों में शायद ही कभी देखने को मिले हों। पोस्ट-प्रोडक्शन में इन सीन्स को और भी भव्य रूप दिया जा रहा है। फिल्म में संगीत की जिम्मेदारी मशहूर जोड़ी अजय-अतुल ने संभाली है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन पहली बार किसी मराठी फिल्म के साथ जुड़े हैं।


# वो हैंडसम हंक स्टार, फिल्मों में लगा फ्लॉप का ठप्पा

## बिजनेस में निकले धनकुबेर, एक तो 13 साल तक देता रहा फ्लॉप

**नई दिल्ली।** अक्सर किसी एक्टर की कामयाबी उसकी हिट और ब्लॉकबस्टर फिल्मों से आंकी जाती है। अगर फिल्में नहीं चलीं तो उसे फ्लॉप करार दिया जाता है। देखते ही देखते वह धीरे-धीरे वह इंडस्ट्री से गायब भी हो जाते हैं। लेकिन, कुछ एक्टर्स हार नहीं मानते, किस्मत भले ही फिल्मों में साथ नहीं दे पाई, लेकिन वह बिजनेस की दुनिया में नया कीर्तिमान स्थापित करते हैं और आज वह अरबों की संपत्ति के मालिक हैं।

**कुमार गौरव** : इनमें सबसे पहले हैं कुमार गौरव, अपने दौर के सुपरस्टार राजेंद्र कुमार के बेट। साल 1981 में फिल्म 'लव स्टोरी'से डेब्यू करते ही वह रातोंरात स्टार बन गए थे। लेकिन, इसके बाद लगातार फ्लॉप देकर एक्टिंग की दुनिया से ओंझल हो गए। इसके बाद बिजनस में उन्होंने अपना दमखम दिखाया। कुमार गौरव का मालदीव में कंस्ट्रक्शन बिजनेस है। वह क्रिप्टो बैंकिंग प्लेटफॉर्म केशा और ऑक्सिस ग्रुप के फाउंडर हैं। इसके अलावा वह ट्रैवल मैनेजमेंट कंपनी 'आइलैंड ग्रुप'के चेयरमैन हैं।

**उदय चोपड़ा** : दूसरे हैं चोपड़ा परिवार से आए, उदय चोपड़ा जो कि साल 2000 में 'मोहब्बतें' फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में आए थे। इसके बाद वह ज्यादातर मल्टीस्टारर फिल्मों में ही नजर आए। बावजूद इसके उन्हें सफलता नहीं मिली। उदय चोपड़ा ने एक्स पर लिखा था, 'मेरा अकाउंट डिएक्टिवेट






करना मौत के सबसे करीब था, जितना मैं जा सकता था। कमाल का अनुभव था! शायद जल्द ही हमेशा के लिए कर दूं। हालांकि, एक घंटे बाद उन्होंने पोस्ट डिलीट कर दिया, लेकिन चिंता बनी रही।

**जायद खान** : तीसरे हैं जब जायद खान जिन्होंने फिल्म 'चुरा लिया है तुमने' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। शाहरुख खान के साथ भी काम किया। लेकिन, लगातार फ्लॉप होता चला गया। इसके बाद जायद खान ने बिजनेस में अपना हुनर आजमाने गए और आज वह अपने दौर के कई एक्टर्स से ज्यादा अमीर हो गए। जायद खान ने अपने पूरे कॅरियर में सिर्फ एक हिट दी और बाकी सारी फिल्में फ्लॉप साबित हुईं। साल 2024 में'ईटी नाऊ' की रिपोर्ट के मुताबिक, जायद खान की नेट वर्थ 1500 करोड़ रुपए थी।

**गिरीश कुमार** : जाने माने प्रोड्यूसर कुमार तौरानी के बेटे गिरीश कुमार ने साल 2013 में श्रुति हासन के साथ फिल्म 'रमैया वस्तावैया'से बॉलीवुड में एंट्री ली। पहली फिल्म फ्लॉप होते ही कॅरियर भी डूबता ही चला गया। इसके बाद एक्टिंग छोड़ वह गिरीश कुमार टिप्स इंडस्ट्रीज में सीओ बन गए। उनकी कंपनी का मार्केट कैप 10,000 करोड़ रुपए तक बताया जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरीश कुमार की नेट वर्थ 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

**डिनो मोरिया** : बॉलीवुड के हैंडसम हंक स्टार डिनो मोरिया फिल्म 'राज'में बिपाशा संग उनकी जोड़ी ऐसी हिट हुई थी कि वह रातोंरात स्टार बन गए थे। इसके बाद उन्होंने 22 फ्लॉप फिल्में दीं। इसके बाद उन्होंने ' कूल माल'नाम की मर्चेंडाइज कंपनी शुरू की। फिर एक जूस ब्रांड 'द फ्रेश प्रेस'की शुरुआत की। अब उनका ये बिजनेस काफी देशों में फैला है। उनकी नेट वर्थ करीब 150 करोड़ बताई जाती है।

